तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 31 जनवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]



12 धान खरीदी की तारीख बढ़ाने किया प्रदर्शन





12 मनरेगा बचाव संग्राम में कांग्रेसियों ने किया धरना ...




## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थिया वंशिका सोनी ने पुलिस को बताया कि उसका पति मनीष सोनी नशा करके आये दिन विवाद झगड़ा मारपीट करता था। जिसके कारण वह अपने बच्चों को अपनी मां के पास छोड़कर चेन्नई चली गई थी। 13 जनवरी को पिता के मृत्यु हो जाने के बाद वह सरायपाली आयी तथा 23 जनवरी को उसके पिता दशगात्र कार्यक्रम हुआ। इसी दिन उसका मनीष सोनी मेरे पास आकर अपने साथ रहने के लिए दबाव बनाने लगा। जब उसने मना तो गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 118(1), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रेलर में लोड सामान को ड्राइवर ने कबाड़ी के पास बेचा

**महासमुंद।** ट्रेलर लोड सामान को कबाड़ी के पास बेचने के मामले में तुमगांव पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को करणी कृपा पावर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी तुमगांव के सुरक्षा एवं प्रशासनिक मुखिया ने आवेदन देकर बताया कि 19 जनवरी को उनके प्लांट में बजरंग इस्पात तिल्दा से ट्रेलर क्रमांक एनएल 01 एके 1820 आई। जिसमें लोड सामान को चेक करने पर उसमें मिट्टी मिला हुआ पाया गया, साथ ही माल में करीबन 750 किलोग्राम पैलेट कम था। ड्रायवर आदित्य कुमार सहिस से पूछने पर उसने उक्त माल को खरोरा के कबाड़ी के पास बेचना बताया तथा इस कार्य में प्लांट के पैलेट के सुपरवाईजर एवं अन्य कर्मचारियों की मिलीभगत होने की जानकारी दी। मामले को लेकर लिखित आवेदन पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 316 (3), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ट्रक से डीजल चोरी कर रहा व्यक्ति गिरफ्तार

**महासमुंद।** ट्रक से डीजल चोरी कर रहे एक व्यक्ति को सिंघोड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सिंघोडा चौक के पास खड़ी ट्रक क्रमांक ओडी 23 ए 2765 से डीजल चोरी कर रहा है। मौके पर पहुंचने पर देखा गया कि एक व्यक्ति उक्त ट्रक की टंकी से प्लास्टिक पाइप के द्वारा डीजल खींचकर चोरी कर प्लास्टिक के जरीकेन में निकाल रहा है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामेश्वर मिरी पिता सुदाम मिरी (20 साल) सिंघोड़ा बताया। वहीं आरोपी के कब्जे से एक सफेद कलर के 15 लीटर वाली प्लास्टिक जरकीन से 10 लीटर डीजल तथा सायकल स्टोर्स के अंदर चोरी किया हुआ 400 लीटर डीजल कुल कुल 410 लीटर डीजल कुल जुमला कीमती करीबन 36,900 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी धारा 303(2) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

**विरोध :** कांग्रेस का धरना- प्रदर्शन, मनरेगा का नाम बदलने और धान खरीदी को लेकर आंदोलन

# केंद्र-राज्य की नीतियों की खिलाफत, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला मुख्यालय में स्थित कांग्रेस भवन में कांग्रेसजनों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान बापू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके सत्य, अहिंसा और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया गया। श्रद्धांजलि सभा के तुरंत बाद कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया जहां कांग्रेस ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदर्शन का मुख्य केंद्र केंद्र सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने और उसके स्वरूप में बदलाव का प्रस्ताव रहा। कांग्रेस नेताओं ने इसे सीधे तौर पर गरीबों के अधिकारों पर हमला करार दिया। नेताओं ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, जिसने लाखों परिवारों को रोजगार की गारंटी दी है। इसका नाम बदलना गांधी के विचारों का अपमान है। कांग्रेस ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस जनकल्याणकारी योजना को कमजोर करने का प्रयास किया गया, तो वे चुप नहीं बैठेंगे।



### दिग्गज नेताओं की मौजूदगी

आंदोलन में जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर, अमरजीत चावला, डॉ. रश्मि चंद्राकर और कुलवंत खनूजा आदि ने आंदोलन का नेतृत्व किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष खिलावन बघेल ने किया और आभार प्रदर्शन शहर अध्यक्ष गुरमीत चावला ने किया। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ही इन मांगों पर संज्ञान नहीं लिया, तो आने वाले दिनों में यह आंदोलन और भी व्यापक होगा।

### किसानों की समस्या और चक्का जाम

राज्य सरकार को घेरते हुए कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकारी नीतियों की वजह से जिले सहित पूरे प्रदेश के लगभग 40 प्रतिशत किसान अब तक अपना धान नहीं बेच पाए हैं। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि धान खरीदी की समय सीमा समाप्त होने की कगार पर है और किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। अपनी मांगों को मनवाने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम कर दिया। कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने इसे किसानों और मजदूरों के हितों के लिए शांतिपूर्ण संघर्ष बताया। कांग्रेस की मुख्य मांगें रही कि धान खरीदी की अंतिम तिथि तत्काल बढ़ाई जाए। जब तक अंतिम किसान का धान नहीं बिक जाता, तब तक केंद्र खुले रहें। मनरेगा के नाम और स्वरूप से छेड़छाड़ बंद हो।

### किसान कांग्रेस ने एनएच-53 बिरकोनी में किया चक्काजाम

जिले के बिरकोनी क्षेत्र में एनएच-53 पर किसान कांग्रेस ने धान खरीदी की समय-सीमा एक माह बढ़ाने की मांग को लेकर सांकेतिक चक्काजाम किया। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मानिक साहू के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। किसानों का आरोप है कि टोकन, रकबा संशोधन और तकनीकी दिक्कतों के कारण कई किसान अपनी फसल अब तक नहीं बेच पाए हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते समय-सीमा नहीं बढ़ाई गई, तो हजारों किसानों का धान बर्बाद हो जाएगा और आंदोलन को उग्र किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## एसआईआर में टारगेट कर वोट कटवाने की साजिश उजागरः अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि पूरे देश में 2002 के बाद से हो रहे एसआईआर में खल्लारी विधानसभा में मामला प्रकाश में आया है जिसमें भाजपा से जुड़े लोगों द्वारा जो कि निवासी किसी दूसरे पोलिंग बूथ के हैं और आपत्ति की गई है दूसरे पोलिंग बूथ में रहने वाले मतदाताओं के खिलाफ। वो भी एससी और अल्पसंख्यकों के खिलाफ सबसे ज्यादा फर्जी आपत्ति की गई है।

अंकित ने बताया कि जिन लोगों का जीवन खल्लारी विधानसभा में गुजर गया है, उनको भी परमानेंट शिफ्टेड के नाम से फर्जी आपत्ति लगाई जा रही है। अंकित ने बताया भाजपा से जुड़े रमन दास वैष्णव, यादराम रावत, अजय कुमार ध्रुव, हरिचंदन दीवान, देवानद शर्मा, होमलाल साहू, राकेश साहू के नाम से लगभग 100 नामों पर आपत्ति की गई है जिसमें 30 एससी वर्ग के और लगभग 70 अल्पससंख्यक समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। अंकित ने कहा कि जिस 7 नंबर के फॉर्म को भर के आपत्ति की जा रही है उसमें स्पष्ट उल्लेख है कि अगर उनके द्वारा झूठी जानकारी दी जाएगी तो उन्हें एक साल तक कि सजा हो सकती है। इसकी मय दस्तावेज शिकायत अंकित ने खल्लारी ईआरओ को करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# ऑपरेशन निश्चय, 24 करोड़ की संपत्ति कुर्क, यूट्यूबर आकाश जाधव गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जीरो टॉलरेंस अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने प्रेस वार्ता में बताया कि ऑपरेशन निश्चय के तहत एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और महासमुंद पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए करोड़ों रुपये का अवैध गांजा जब्त किया है और एक बड़े अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई की सबसे चौंकाने वाली गिरफ्तारी आकाश जाधव की है, जो सोशल मीडिया पर मशहूर है। यूट्यूब पर उसके लगभग 56 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह ओडिशा से महाराष्ट्र तक गांजा परिवहन नेटवर्क का मुख्य सरगना निकला। इसके साथ ही पुणे के बड़े खरीददार रामदास चंद्र सोनवाने को भी गिरफ्तार किया गया है, जिसकी लगभग 24 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस ने जनवरी माह में अब तक कुल 2067 किलोग्राम गांजा और अवैध कफ सिरप जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 10.31 करोड़ रुपये है। अकेले हालिया कार्रवाई प्रकरण क्रमांक 03/2026में 520 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया, जिसकी कीमत 2.60 करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने एंड-टू-एंड ऑपरेशन चलाकर केवल माल ढोने वालों को ही नहीं, बल्कि ओडिशा के सप्लायर (बैकवर्ड लिंक) से लेकर महाराष्ट्र के खरीदारों (फॉरवर्ड लिंक) तक पूरी श्रृंखला को दबोचा है।





### नेटवर्क का खुलासा

विवेचना में सामने आया कि तस्कर ओडिशा के फूलबनी, सोनपुर और कालाहांडी जैसे इलाकों से गांजा लेकर छत्तीसगढ़ के रास्ते महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश सप्लाई कर रहे थे। पुलिस ने कुल 8 प्रकरणों में 27 आरोपियों को जेल भेजा है।

तस्करी में प्रयुक्त लग्जरी कारें (अर्टिगा, होंडा जैज), स्कूटी और मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं। पुलिस अधीक्षक ने अपील की है कि नशा मुक्त समाज बनाने के लिए नागरिक पुलिस का सहयोग करें। सूचना देने वालों की पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। पुलिस इस संगठित अपराध को जड़ से मिटाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# सरायपाली में बालोदिया राइस मिल पर कार्रवाई, सील किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में जारी राइस मिलों का भौतिक सत्यापन के तारतम्य में क्रम में शुक्रवार को सरायपाली में बालोदिया राइस मिल को सील कर दिया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में भौतिक सत्यापन के दौरान राइस मिल में 61, 203 बोरा धान की कमी पाई गई। यह कार्रवाई संयुक्त टीम द्वारा जनवरी को की गई, जिसमें मिल के भौतिक सत्यापन के दौरान निर्धारित स्टॉक के अनुरूप धान उपलब्ध नहीं मिला। एसडीएम अनुपमा आनंद के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा की गई कार्रवाई में मिल के भौतिक सत्यापन के दौरान निर्धारित स्टॉक के अनुरूप धान की उपलब्धता में अंतर पाई गई। जांच के दौरान राइस मिल में कुल धान 37759.6 क्विंटल ( 94399 बोरा) एवं 2328 क्विंटल चावल (4656 बोरा) का लेखा-जोखा भी जांच के दायरे में रहा। अनियमितता पाए जाने पर प्रशासन ने मिल में उपलब्ध समस्त स्टॉक को जब्त कर लिया एवं आज मिल को सील किया गया है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार श्रीधर पंडा, खाद्य विभाग, मंडी एवं संबंधित अधिकारियों की टीम मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच तथा नियमों के तहत यह कार्रवाई की गई है।



# जंगल ले जाकर युवक के साथ अप्राकृतिक कृत्य आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** जान से मारने की धमकी देकर युवक को जंगल ले जाकर अप्राकृतिक संबंध बनाने की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध बागबाहरा थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस मामले को लेकर बागबाहरा थाने में पुलिस को प्रार्थी ने बताया कि 02/01/2026 को वह अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। इसी दौरान एक पेट्रोल पंप के पास आरोपी अपने दोस्त साथ मिला और अपने घर चलने कहा, जब उसने मना किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा, जिससे वह डरकर उसकी गाड़ी में बैठ गया। तब आरोपी उसे सुखीडबरी जंगल में ले गया और वहां मोबाइल से उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें खींची। उसके बाद वह आरोपी के घर चला गया, जहां घर एक रात रूका था। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि दिनांक 03/01/2026 की सुबह करीब 9 बजे आरोपी उसे अपनी मोटर सायकल में बिठाकर जंगल लेकर गया जबरदस्ती अप्राकृतिक संबंध बनाया। साथ ही कहा कि अगर तुम किसी को बताओगे तो तुम्हें जान से खत्म कर दूंगा। प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि तीन माह पूर्व भी आरोपी ने सुखरीडबरी के जंगल में उसके साथ आपत्तिजनक हरकत किया था। मामले की रिपोर्ट पर बागबाहरा थाने में आरोपी के विरूद्ध धारा 115(1), 127(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# मुख्यमंत्री की मौजूदगी में होगा सिरपुर महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी सिरपुर में 1 से 3 फरवरी तक आयोजित होने वाले 3 दिवसीय सिरपुर महोत्सव की का शुभारंभ माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर होगा जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं जिला प्रशासन द्वारा मुख्यमंत्री को महोत्सव में शामिल होने आमंत्रित किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता पर्यटन एवं संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल करेंगे। उद्घाटन अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जिले के प्रभारी दयाल दास बघेल, वित्त, वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी, सांसद रूप कुमारी चौधरी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरी नन्द, जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद निखिलकांत साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा दीवान, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष बागबाहरा खिलेश्वरी बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बागबाहरा केशव नायकराम चंद्राकर, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सरायपाली सरस्वती चंद्र पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष पिथौरा उषा धृतलहरे, नगर पंचायत अध्यक्ष बसना डॉ. खुशबू अभिषेक अग्रवाल, जनपद पंचायत अध्यक्ष बसना डिलेश्वरी निराला, नगर पंचायत अध्यक्ष पिथौरा देवेश निषाद, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरायपाली लक्ष्मी पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष तुमगांव बलरामकांत साहू, जिला पंचायत सदस्य सृष्टि चंद्राकर, राज्य मुख्य आयुक्त, भारत स्काउट एवं गाइड संघ इंद्रजीत सिंह खालसा गोल्डी, जनपद पंचायत सदस्य दशरी ध्रुव एवं भारत स्काउट एवं गाइड संघ के अध्यक्ष येतराम साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### समापन समारोह की होंगी मुख्य अतिथि सांसद रूपकुमारी

सिरपुर महोत्सव का समापन समारोह 3 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल शामिल होंगे तथा अध्यक्षता सांसद रूप कुमारी चौधरी करेंगी। सिरपुर में आयोजित इस तीन दिवसीय महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन एवं सिरपुर साडा द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पेयजल, चिकित्सा एवं आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। जिला प्रशासन महासमुंद एवं सिरपुर साडा द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सांस्कृतिक महोत्सव में सहभागिता करें।





समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : समाज कल्याण विभाग-महासमुंद


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
विनीत : जिला परिवाहन विभाग-महासमुंद


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : कार्यालय छ.ग. राज्य अक्षय ऊर्जा विकास प्राधिकृत (क्रेड) जिला-महासमुंद


76वाँ गणतंत्र दिवस
हार्दिक शुभकामनाएँ
जिला जेल - महासमुन्द
विनीत : जिला जेल-महासमुंद


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : कृषि विभाग-महासमुंद


26TH January
Republic Day
समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : आबकारी विभाग-महासमुंद


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : आदिम जाति कल्याण विभाग-महासमुंद


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक बधाई
26
JANUARY
REPUBLIC DAY OF INDIA
विनीत : ग्रामीण यांत्रिकी सेवा (आरईएस)


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी-महासमुंद


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : उद्यानिकी विभाग-महासमुंद


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
तुषार चौहान
हितेश चौहान
चौहान ड्रीलिंग वर्क महासमुंद


समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
विनीत : मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी-महासमुंद



रत्नेश सोनी
ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि-महासमुंद
(99811-31365)
आशीष साहू
मां शारदा न्यूज एजेंसी हरिभूमि
(94252-04260)
संकलनकर्ता- हरिभूमि टीम-महासमुंद (छत्तीसगढ़)
(विज्ञापन प्रभारी)
88151-93663
(डिजाइनिंग)
96176-56070


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई
श्रीमती पुष्पा दारा साहू
पूर्व जनपद सदस्य
दारा साहू
पूर्व जनपद सदस्य


श्री बालाजी एजेंसी
बाबा रामदेव मंदिर के पास गांधी चौक, महासमुंद
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
बसंत लुनिया
9425515048
तन्मय लुनिया
9098466667
सेनेटरी, इलेक्ट्रीकल, पम्पस, पाईपस, वाईडिंग वायर उपलब्ध


अपनी आजादी को हम हरगिज मिटा सकते नहीं..
सर कटा सकते हैं लेकिन सर झुका सकते नही !
समस्त जिलेवासियों
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक बधाई
26 January
REPUBLIC DAY
मान. योगेश्वर 'राजू' सिन्हा जी
विधायक, महासमुंद विधानसभा
मंगेश टांकसाले
पूर्व पार्षद वार्ड 16, नगर पालिका-महासमुंद


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
विष्णु साहू
जनपद सदस्य
सौरभ चंद्राकर
(हनी भैया)
मानिक साहू
जिलाध्यक्ष, किसान कांग्रेस


समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मान. विष्णुदेव साय जी
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
26 January
प्रमोद कुमार सागर
जिलाध्यक्ष, भाजपा अजा मोर्चा-महासमुंद


ग्राम पंचायत-बिरकोनी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई
श्री चंदन कुमार चंद्राकर
सरपंच, ग्राम पंचायत-बिरकोनी
श्री गिरीश चंद्राकर
उपसरपंच, ग्राम पंचायत-बिरकोनी
श्री शंकर साहू
सचिव, ग्राम पंचायत-बिरकोनी
-पंचगण-
श्री पवन साहू
श्रीमति सुनीता माण्डे
श्री वेदप्रकाश मंडलोई
श्रीमती कमला साहू
श्रीमती सावित्री पटेल
श्री टाकेश्वर सेन
श्रीमती डेरहीन ध्रुव
श्री दीप कुमार चंद्राकर
श्रीमति लाकेश्वरी यादव
श्रीमति संतोषी निषाद
श्रीमति लक्ष्मी पटेल
श्रीमति केशर साहू
श्रीमति भुनेश्वरी साहू
श्री हेमराज चंद्राकर
श्री फगूलाल साहू
श्रीमति नेहा साहू
श्री तुकेश साहू
श्री महावीर निषाद
श्रीमति देवकी बाई साहू
विनीत : ग्रामवासी ग्राम पंचायत-बिरकोनी


संकलनकर्ता- हरिभूमि टीम-महासमुंद (छत्तीसगढ़)
रत्नेश सोनी
ब्यूरो प्रमुख हरिभूमि-महासमुंद
(99811-31365)
आशीष साहू
मां शारदा न्यूज एजेंसी हरिभूमि
(94252-04260)
(विज्ञापन प्रभारी)
88151-93663
(डिजाइनिंग)
96176-56070

## खबर संक्षेप



### बैतारी ने जीती ड्यूज बाल क्रिकेट टूर्नामेंट केंदूढार को दी शिकस्त

**सरायपाली।** जय भवानी क्रिकेट क्लब दुलारपाली के तत्वावधान में पीसीएस अंडर श्रेणी ए ड्यूस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच केंदूढार और बैतारी के मध्य खेला गया, जिसमें बैतारी ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। विजेता टीम बैतारी को विजेता ट्राफी और नगद 11000 रुपये की राशि प्रदान की गयी। स्पर्धा में कुल 29 टीमों ने भाग लिया।

### अरंड में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ आयोजन

**महासमुंद।** अरंड (मोहंदी) में 22 से 30 जनवरी तक श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया।



जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुंचे। कथा वाचक पं. शुकदेव शर्मा भक्तों को कथा श्रवण कराया। परायणकर्ता पं. नारायण महाराज हैं। 30 जनवरी को गीता पाठ, हवन पूजा, कपिल तर्पण तथा चढ़ोत्री के बाद समापन, प्रसाद वितरण किया गया। उक्त जानकारी अजय श्रीवास्तव ने विज्ञप्ति में दी।

### मनरेगा बचाव संग्राम समिति गठित

**बागबाहरा।** खल्लारी विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव ने मनरेगा बचाव संग्राम समिति का गठन किया है। जिसमें महासमुंद नगर मनरेगा प्रभारी कुलवंत खनूजा, महासमुंद ग्रामीण मनरेगा प्रभारी तौकीर दानी, झलप पटेवा ब्लॉक मनरेगा प्रभारी भूपेंद्र ठाकुर, बागबाहरा ग्रामीण मनरेगा प्रभारी हुलास गिरी गोस्वामी, बागबाहरा नगर मनरेगा प्रभारी संजय शर्मा, कोमाखान मनरेगा प्रभारी राजू यादव, पिथौरा ब्लॉक मनरेगा प्रभारी गणेश शर्मा, बसना ब्लॉक मनरेगा प्रभारी फिरोज मेमन, सांकरा मनरेगा प्रभारी मनोजकांत साहू, भंवरपुर मनरेगा प्रभारी रूपेश गोयल, सरायपाली नगर मनरेगा प्रभारी दाऊलाल चंद्राकर, सरायपाली ग्रामीण मनरेगा प्रभारी कृष्णा चंद्राकर व छुईपाली मनरेगा प्रभारी विजय बंजारे को बनाया गया है।

## आंदोलन : कांग्रेस ने शुरू किया मनरेगा बचाओ अभियान

# धान खरीदी की तारीख बढ़ाने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में बागबाहरा मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक के सामने मनरेगा बचाओ अभियान तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेसजनों एवं आम जनता के साथ मिलकर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई।

धरना-प्रदर्शन की शुरुआत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार मजदूर विरोधी सरकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने न केवल महात्मा गांधी के नाम को योजना से हटाया, बल्कि कांग्रेस सरकार द्वारा गरीबों, मजदूरों और वंचितों को दिए गए रोजगार की गारंटी के अधिकार पर भी प्रहार किया है।

विधायक यादव ने कहा कि मोदी सरकार लगातार मनरेगा के बजट में कटौती कर रही है, जिसके कारण बीते दो वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत काम लगभग बंद-सा हो गया है। उन्होंने बताया कि मनरेगा में मजदूरों को काम मांगने का कानूनी अधिकार है तथा 15 दिनों के भीतर काम नहीं मिलने पर भत्ता देने का प्रावधान है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन नहीं हो रहा है।



उन्होंने भाजपा सरकार पर किसान-मजदूर विरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार बड़े उद्योगपतियों और ठेकेदारों को लाभ पहुंचाना चाहती है। इसी उद्देश्य से मनरेगा को कमजोर कर उसे खत्म करने की कोशिश की जा रही है। विधायक ने कहा कि मनरेगा में पंचायतों के माध्यम से काम तय होता है, जिससे सीधे मजदूरों को रोजगार मिलता है, लेकिन केंद्र सरकार नई योजनाओं के जरिए पूरे कार्यक्रम पर केंद्रीय नियंत्रण करना चाहती है, जिससे ठेकेदारों को फायदा और मजदूरों को नुकसान होगा। यादव ने कहा कि किसान आज अपनी मेहनत की उपज बेचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। किसानों को समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे धान नहीं बेच पा रहे हैं। खेत-खलिहानों में रखे धान की जांच इस तरह की जा रही है मानो किसान नहीं, बल्कि तस्कर हों। उन्होंने कहा कि सरकार गांजा-शराब के अवैध कारोबारियों पर तो ढील बरत रही है, लेकिन किसान अपने धान को लेकर खरीद केंद्र तक पहुंचने में परेशान हैं। सरकार को धान खरीदी की समय-सीमा बढ़ानी चाहिए, ताकि कोई भी किसान धान बेचने से वंचित न रहे।

कार्यक्रम उपरांत राज्यपाल के नाम का मांग-पत्र/ज्ञापन, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बागबाहरा द्वारा एसडीएम (राजस्व) को सौंपा गया। अंत में विधायक यादव ने कहा कि बागबाहरा मुख्य मार्ग पर स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा से असामाजिक तत्वों द्वारा छेड़छाड़ कर गांधी जी का चश्मा चोरी किया गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की कि दोषियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, अन्यथा कांग्रेसजन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

धरना-प्रदर्शन में प्रमुख रूप से उपस्थित कांग्रेसजन लखबीर सिंह छाबड़ा (अध्यक्ष, शहर ब्लॉक कांग्रेस, बागबाहरा), खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल (अध्यक्ष, नगर पालिका, बागबाहरा), देवेश साहू (उपाध्यक्ष, नगर पालिका, बागबाहरा), मन्ता यादव (मंडल अध्यक्ष), जनपद अध्यक्ष केशव चंद्राकर, नवनीत सलूजा, गिरीश पटेल, बड़ा ख़ान, शैलेश साहू, रमेश साहू, फ़िरोज मेमन, पोखराज साहू, फूलसिंह ध्रुव, पंकज हरपाल, गणेश शर्मा, दुर्गा सागर, शिवा जगन, मिथुन अमिर, सुरेश साहू, रूपेश गोयल, परमानंद साहू, रामेश्वर चक्रधारी, रोशन यादव, राकेश सोनी, बंसी चंद्राकर, भूमिका ध्रुव, दिनेश मंगरे, लक्ष्मण राव, बबला निषाद, मोहन बाँधे, डेमन साहू, हेमंत सेन, लोकेश दीवान, संतोष जैन, आदित्य बोकड़े, आदित्य चंद्राकर, प्रकाश पाणिग्राही, हितेश्वर खरे, जुगराज बघेल, पारस सांखला, लेखन बघेल, रवि निषाद, सेवन साहू, रीमा यादव, विमल बघेल, राजकुमार ठाकुर, अजय ठाकुर, कुंती महानंद, मोनू शर्मा, विष्णु महानंद, ज्योति कुलदीप सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।



### खल्लारी में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**बागबाहरा।** 30 जनवरी 2026 को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार बागबाहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के तत्वावधान में, ब्लॉक अध्यक्ष देवनाथ साहू एवं नाथ साहू के नेतृत्व में खल्लारी मोड़ (भीमखोज) में मनरेगा बचाओ संग्राम तथा किसानों के हित में टोकन काटने एवं धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का-जाम का आयोजन किया गया। इस आंदोलन के माध्यम से प्रमुख रूप से निम्नलिखित मांगें रखी गईं, जिसमें धान खरीदी की निर्धारित तिथि को आगे बढ़ाया जाए, पूर्व की भांति महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को यथावत रखा जाए, काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी एवं जवाबदेही की गारंटी सुनिश्चित की जाए, मनरेगा के नियमों में किए गए हालिया बदलावों को तत्काल वापस लिया जाए, काम के संवैधानिक अधिकार की पूर्ण बहाली की जाए, मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी दर 400 रुपए प्रतिदिन निर्धारित की जाए। इन मांगों को लेकर बागबाहरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के नेताओं, कार्यकर्ताओं, मजदूरों एवं किसानों ने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करते हुए सांकेतिक चक्का-जाम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से खल्लारी विधानसभा के विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव उपस्थित रहे। उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बागबाहरा ग्रामीण के अध्यक्ष देवनाथ साहू, तेनु राम साहू, शहजान पाशा, अंकित बागबाहरा, कामिनी चंद्राकर, सविता गोस्वामी, राजेश सिंह, हरि यादव, रवि निषाद, विष्णु महानंद, चंद्रहास साहू, भूपेन दीवान, बलराम ध्रुव, मोंटू दीवान, नंद कुमार निषाद, माखन, प्रमोद चंद्राकर, पुखराज यादव, जीवन नायक, सुनील व्यवहार, ओमप्रकाश साहू, गोलू, चैन सिंह, मुकुंद सिंह, राहुल, कुलदीप, मोहन साहू, प्रीतम, तुलसी चंद्राकर, राधा दीवान, सुनीता सोनी, पुन्नी ठाकुर, रंग भोसले, विद्या ठाकुर, निजाम दीवान, सुरेश, शाहिद, प्रमोद, खिलेश्वर सिंह, मंगलू बढ़िया, तुलाराम देवांगन, नीलकंठ यादव, रेशम ध्रुव, पुनीत राम, लोकेश ठाकुर, सूरज पटेल, अमन पटेल, मोहन निषाद, कुंजीलाल निर्मलकर, ताराचंद पटेल, अंगलाल साहू, तुलाराम साहू, उदय नारायण साहू, तपेश साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता, मजदूर एवं किसान उपस्थित रहे।

## मनरेगा और धान खरीदी की तारीख बढ़ाने की मांग को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन

**नर्रा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कल 30 जनवरी को कोमाखान के बाजार चौक स्थित समरसता भवन के सामने एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन और सांकेतिक चक्का-जाम आयोजन किया गया। खल्लारी विधायक एवं जिलाध्यक्ष द्वारिकाधीश यादव के नेतृत्व में हुए धरना प्रदर्शन में केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ मनरेगा मजदूरों के हक की आवाज उठाई गई, साथ ही प्रदेश के किसानों की समस्याओं को देखते हुए धान खरीदी की समय-सीमा में वृद्धि की मांग की गई। कार्यक्रम के अनुसार, दोपहर 12:00 बजे से कोमाखान के मुख्य मार्ग पर सांकेतिक चक्का-जाम शुरू हुआ। इस दौरान ब्लॉक, मंडल, और मोर्चा प्रकोष्ठों के साथ-साथ युवा कांग्रेस, महिलाल कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआई और किसान कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहें। विधायक द्वारिकाधीश यादव ने क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधियों और जांबांज कार्यकर्ताओं से अपील की आगे भी किसान हित में हम लोकतांत्रिक लड़ाई लड़ते रहेंगे। विधायक द्वारिकाधीश यादव, रवि निषाद, फिरोज मेमन,



ब्लॉक अध्यक्ष खेमराज सिन्हा, अंकित बाग़बाहारा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तम राणा, समीम खान, किशोर चतुर्वेदी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष संतोष पटेल, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष आकाश चंद्राकर, महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष डुमरोतिन ठाकुर, अनुकी सेन, राहुल यादव, अंजोर ठाकुर, राजू जैन, नरेंद्र जैन, गोलू जैन, भूड़ानसिंग ठाकुर, राजेश त्रिपाठी, हरिशंकर यादव, तूफ़ान दीवान, वाजिद ख़ान, तपेश साहू, उदेप्रताप साहू, जगदीश साहू, उदेप्रताप ठाकुर, चेतराम, नारायण सिन्हा, गोपाल साहू, ख़ेमराज ठाकुर, राजू चंद्राकर, परसराम, रत्थूराम ठाकुर, ओंकार ठाकुर, शीतल सिन्हा, शिवचरण कुर्रे, जलील ख़ान, रामधीन सिन्हा, सेतुराम साहू, आदित्य चंद्राकर, किशोर देवांगन, देवनाथ साहू, हीरालाल साहू, तुलाराम ठाकुर, मोहर सिंग चक्रधारी, गिरधारीलाल साहू, दामोदर सिंग, पूनम ठाकुर, तिलकराम साहू, बृजलाल बरिहा, समीर ख़ान, गोलू जैन, श्याम सुंदर सिंग, जितेंद्र क्षत्रिय, राजेंद्र शर्मा, मूलचंद चंद्राकर, भूरू देवांगन, युवराज पांडे, पप्पू पांडे, धनेश्वर पांडे, एनकुमार पांडे, संतोष पांडे, मनीष दीवान, इंद्रकुमार चौहान सहित कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाव संग्राम में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन एवं सांकेतिक चक्का जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

प्रदेश कांग्रेस एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शुक्रवार को महात्मा गांधी के बलिदान दिवस के अवसर पर मनरेगा बचाव संग्राम के लिए धरना प्रदर्शन किए एवं भाजपा के किसान विरोधी सरकार में किसानों पर हो रहे अत्याचार उसके धान खरीदने में टोकन नहीं मिल पा रहा है समय सीमा नहीं बढ़ाए जाने के विरोध में आज हमारे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी परिवार की ओर से सांकेतिक चक्का जाम का आयोजन छिलपावन चौक झलप में किया गया।

जिसमें प्रमुख रूप से भूपेंद्र ठाकर ब्लॉक प्रभारी, लक्ष्मण पटेल पूर्व जिलापंचायत उपाध्यक्ष, सीटू सलूजा प्रदेश सचिव, मोहित ध्रुव पूर्व जिला अध्यक्ष, आलोक नायक जिला सोशल मीडिया प्रभारी, खिलावन साहू ब्लॉक अध्यक्ष, टिकेश्वर दारा साहू जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग, द्रोण चंद्राकर वरिष्ठ, रमन ठाकुर मंडल अध्यक्ष पटेवा, संतोष साहू जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, राजू दीवान प्रदेश सचिव आदिवासी कांग्रेस, नरेंद्र कौशिक प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग, दीपक सिन्हा वरिष्ठ, मनबोध ध्रुव वरिष्ठ, कमलेश चंद्राकर ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा



वर्ग, शंकर पटेल ब्लॉक अध्यक्ष किसान कांग्रेस, जगन्नाथ खेरवार जनपद सभापति, खोम सिन्हा सेक्टर प्रभारी, मायाराम टंडन सेक्टर प्रभारी, केशव चौधरी सेक्टर प्रभारी, किशन कोस रिया सेक्टर प्रभारी, अतुल गुप्ता पूर्व अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय महासमुंद, बलवीर सिंह बग्गा, ख़ोमेश साहू, डागासाहू पूर्व मंडी अध्यक्ष, गंगाराम पटेल पूर्व मंडी अध्यक्ष, राजा गंभीर युवा नेता, विवेक पटेल युवा कांग्रेस, मदन पटेल, मो समीर खान युवा नेता, जगजीवन राजा युवा नेता, कार्तिक पटेल, गणेशराम कुर्रे, लाल सिंह पटेल, मोहम्मद रफीक युवा नेता, विजय पटेल, शेषराम हरदेव, धनाऊ ध्रुव, प्रेमलाल टंडन, राजू ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य सरपंच पटवा, कुलेश्वर दीवान सरपंच भटगांव, देवेंद्र रौतिया, हेमंत साहू वरिष्ठ, भागवत, जितेंद्र, कामता यादव, लालसिंह ध्रुव, यादराम साहू, योगेश जांगिड़, साहिल बंजारे, आकाश डोरा, राजू दीवान, देरहा राम, जय सिंह ध्रुव, लोभान सिंह ध्रुव, विक्की यादव, भागीरथी ठाकुर रैमुदा राय सिंह ठाकुर रैमूरा, खोमेश साहू, मेंडी साहू, लव कुश, नीलकंठ जोहले, मायाराम, संतोष, जगदीश ध्रुव, चैन सिंह दीवान, पुरुषोत्तम दीवान, चेतन रतिया, सुनील दीवान, सुशील दीवान ठाकुर राम यादव, नेपाल सिंह दीवान, थान सिंह महानंद, राहुल धृतलहरे, त्रिलोचन रात्रें, बालमुकुंद, यशवंत दीवान, रामकुमार दीवान, विजेंद्र कवर, पवन दीवान पूर्व सरपंच, संतरामध्रुव, भुनेश्वर यादव, गोविंद, पटेल, दूज राम पटेल, शेखर आदि उपस्थित थे।

# पीएम बृजराज पाठशाला के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शुक्रवार को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा पीएम बृजराज पाठशाला के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। साथ ही अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।



कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। मुख्य अतिथि विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित अन्य अतिथियों ने विधि विधान से पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। फिर अतिथियों का स्वागत हुआ। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर उत्तरोत्तर प्रगति के नए सोपान स्थापित करें। आगे कहा कि आप सभी अभी बुनियादी शिक्षा के स्तर में हों शुरुआती समय में ही अपनी नींव मजबूत करो, मन लगाकर पढ़ाई करें। पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी भागीदारी लेने के लिए उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि देश के भविष्य के लिए यह जरूरी है कि युवाओं में शिक्षा का प्रसार हो। इसके लिए उनकी शिक्षा की नीव मजबूत होनी जरूरी है। इससे हमारे देश का भविष्य मजबूत होगा। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता पवन पटेल, श्याम साकरकर, पार्षद सुनैना ठाकुर, आकाश पांडे, रामेश्वर पटवा, अभिषेक पांडे, डीईओ विजय लहरे, समग्र शिक्षा परियोजना अधिकारी रेखराज शर्मा सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित थें।

# नवनियुक्त भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमन से सभापति प्रकाश ने की मुलाकात

**बसना।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, महासमुंद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अमन वर्मा को भाजपा कार्यालय, महासमुंद में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा ने सौजन्य भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रकाश सिन्हा ने अमन वर्मा को नई जिम्मेदारी के लिए शुभेच्छाएं देते हुए उनके उज्ज्वल, सफल एवं यशस्वी कार्यकाल की कामना की। साथ ही सिन्हा ने भाजयुमो के नवनियुक्त जिला महामंत्री प्रखर अग्रवाल को फोन के माध्यम से बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति संगठन के प्रति उनके समर्पण, निरंतर परिश्रम एवं युवा नेतृत्व क्षमता का प्रमाण है। प्रकाश ने कहा कि अमन वर्मा और प्रखर अग्रवाल जैसे ऊर्जावान युवाओं को संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना भारतीय जनता युवा मोर्चा को नई दिशा और नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि इनके नेतृत्व में युवा मोर्चा जिले में संगठन को और अधिक सशक्त करेगा तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने का कार्य प्रभावी रूप से संपन्न होगा।इन दोनों



नियुक्तियों को लेकर जिले भर के युवाओं एवं कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह एवं हर्ष का वातावरण है। कार्यकर्ताओं ने इसे युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने की दिशा में संगठन का सराहनीय निर्णय बताया। इस अवसर पर नगर पंचायत बसना के उपाध्यक्ष शीत गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा एवं भाजपा नेता विजय पटेल उपस्थित रहे।



### नरेंद्र और एवन सीआईएसएफ के लिए चयनित

**महासमुंद।** बेमचा के नरेंद्र कुमार बंजारे और एवन कुमार बंजारे का चयन सीआईएसएफ में हुआ है। ये दोनों चोवा राम बंजारे के पुत्र हैं। चयनित होने पर दोनों युवकों को शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 46 वां वार्षिक अधिवेशन आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का 46 वां वार्षिक अधिवेशन आज 31 जनवरी को ग्राम बागबाहरा कला में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप, विशिष्ट अतिथि विधायक खल्लारी एवं जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी महासमुंद द्वारिकाधीश यादव, विशेष अतिथि चंद्रनाहू कुर्मी समाज के रायपुर राज अध्यक्ष एवं जनपद अध्यक्ष बागबाहरा केशव नायक राम चंद्राकर, केंद्रीय महिला अध्यक्ष मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज सरिता बघेल, केंद्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, युवा अध्यक्ष चंदखुरी राज संतोष वर्मा, महिला अध्यक्ष चंदखुरी राज ललिता वर्मा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजप्रधान चंदखुरी राज चिंताराम वर्मा करेंगे। नगर इकाई अध्यक्ष उत्तम वर्मा ने महासमुंद जिले के सभी स्वजातियों को बागबाहरा कला में होने वाले वार्षिक अधिवेशन में सम्मिलित होने की अपील की है।



### चौधरी स्व. दीप चंद यादव की 46वीं पुण्यतिथि मनाई

**सरायपाली।** नगर के महल पारा में स्व. चौधरी दीपचंद यादव की पुण्यतिथि 28 जनवरी को मनाई गई। बताया गया कि उन्होंने यादव समाज और उपेक्षित वर्गों के आत्मसम्मान के लिए जीवनभर संघर्ष किया। मातृभूमि की मुक्ति के लिए निस्वार्थ सेवा और बलिदान की भावना उनके व्यक्तित्व का अभिन्न हिस्सा रही। साथ ही समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्यधारा में लाने और समानता का अधिकार दिलाने के लिए वे सदैव तत्पर रहे। दीप चंद यादव की अहीर रेजिमेंट की मांग को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में सैन्य गौरव की चेतना जगाने में भूमिका अविस्मरणीय है। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव ने कहा कि चौधरी स्व. दीप चंद यादव जैसी विभूति ने अपनी सेवा भावना मानवीय संवेदना और सामाजिक प्रतिबद्धता से देश एवं यादव समाज को गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के संरक्षक मनोरथ लाल यादव, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी नरेंद्र कुमार यादव कार्यकारी जिला अध्यक्ष पवन कुमार यादव, मनीराम यादव, जय यादव, करन यादव, दिनेश कुमार यादव, राजेंद्र कुमार यादव राजू, गणेश यादव, राजाराम यादव, सोनाराम यादव, मयंक मोंटी यादव, तुषार यादव, ईशान यादव, कोमल यादव, अम्बर यादव, शत्रुघ्न यादव, चंद्रो यादव, अमित सतपथी, सत्यजीत सिदार एवं प्रिंस विशाल आदि पुण्यतिथि कार्यक्रम में उपस्थित थे।



### देवेंद्र को मिला भाजपा जिला किसान मोर्चा महामंत्री का दायित्व

महासमुंद। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल एवं जिला संगठन की अनुशंसा पर देवेंद्र चंद्राकर को भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति पर शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का, जिला महामंत्री युवा मोर्चा के अमन वर्मा, नंदू जलछत्री, हिमांशु चंद्राकर, अमित साहू, नईम खान, मनीष शर्मा, ऋषभ बाफना, पीयूष साहू, झनक लाल मुन्ना साहू, राकेश श्रीवास्तव, डिगेश साहू, कुशल ठाकुर, कुशाल साहू, पलाश यादव, जतिन रूपरेला, गोपी कन्नौजे, जनपद उपाध्यक्ष महासमुंद हुलसी चंद्राकर, कुलजीत सलूजा, जिला के समस्त भाजपा कार्यकर्ता गणों ने देवेंद्र चंद्राकर के उज्ज्वल भविष्य की शुभेच्छा जताई है। देवेंद्र ने नियुक्ति पर भाजपा जिला अध्यक्ष येतराम साहू एवं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष का आभार माना है।




